राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे का हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा, जनता का विश्वास, प्यार और आस्था ही उनके जीवन की प्रेरणा है

केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी सहित विशिष्ट जनों ने 'देवगिरी गौरव' सम्मान प्रदान किया

जयपुर, 27 सितम्बर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे का शुक्रवार को महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजी नगर में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने उन्हें श्री रामचंद्र मंदिर (मठ) बालाजी ट्रस्ट गाउण्ड पर अपार जनसमूह के मध्य आयोजित भव्य समारोह में 'देवगिरी गौरव' सम्मान से विभूषित किया। श्री बागडे को महाराष्ट्र के विभिन्न भागों से आए लाखों की संख्या में उपस्थित समूह ने भाव–भरा अभिनंदन करते हुए उनके लिए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए 'अभिष्टचिंतन' किया। उन्हें प्रदत्त 'देवगिरी गौरव' प्रशस्ति पत्र में उनके सार्वजनिक जीवन के अंतर्गत किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें महाराष्ट्र के गौरव से अलंकृत किया गया।

श्री गडकरी ने इस अवसर पर कहा कि राज्यपाल श्री बागडे जमीन से जुड़े लोकप्रिय व्यक्तित्व हैं। कृषि, सहकारिता और विभिन्न अन्य विषयों में गहन दृष्टि के साथ सार्वजनिक जीवन में शुचिता के मूल्यों के साथ उन्होंने सदा आदर्शों की स्थापना की है। अन्य वक्ताओं ने भी उनके ओजपूर्ण व्यक्तित्व, राष्ट्रीयता के सरोकारों की चर्चा करते हुए उनके सार्वजनिक जीवन को बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उनका मन से अभिनंदन किया।

राज्यपाल श्री बागडे ने अपने जन–अभिनंदन और 'देवगिरी गौरव' सम्मान से विभूषित किए जाने पर आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनके लिए सबसे बड़ी सौगात है। वह मां भारती के लिए आजीवन ऐसे ही प्रतिबद्ध होकर सेवाएं देते रहेंगें। उन्होंने भावुक होते हुए जनता को प्रणाम निवेदित किया तथा कहा कि यह विश्वास, प्यार और जन–जन की आस्था ही उनके जीवन की प्रेरणा है।

—————